सोलर प्लांट के नाम पर लाखों रु. ठगने वाला बदमाश गिरफ्तार

आरोपी 3 साल से फरार था, गिरफ्तारी से बचने के लिए जोधपुर में छिपा था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। पुलिस थाना बस्सी ने सोलर प्लांट लगाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल शर्मा उर्फ शंकर (35) पिछले करीब तीन वर्षों से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 1 जून 2023 को ज्ञान विहार महाविद्यालय के निदेशक शिव कुमार पंचौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी संस्था में सोलर प्लांट लगाने के लिए 'धूप ऊर्जा' कंपनी के संचालक राहुल शर्मा से 5 लाख रुपए का अनुबंध किया था। आरोपी ने एडवांस के रूप में 4 लाख रुपए ऑनलाइन ले लिए, लेकिन तय समय सीमा 20 जून 2023 तक न तो प्लांट लगाया और न ही राशि लौटाई।

आरोपी राहुल शर्मा उर्फ शंकर

- पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने वर्ष 2022 में 8 से 10 स्थानों पर सोलर प्लांट लगाने के नाम पर एग्रीमेंट कर लोगों से लाखों रुपए की अग्रिम राशि ठगी थी।
- आरोपी के खिलाफ जयपुर के आदर्श नगर, बस्सी और मालवीय नगर पुलिस थानों में भी मामले दर्ज

इसी क्रम में थानाधिकारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता, सीडीआर विश्लेषण और लोकेशन ट्रेसिंग के आधार पर आरोपी को अलवर से दबोच लिया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने वर्ष 2022 में 8 से 10 स्थानों पर सोलर प्लांट लगाने के नाम पर एग्रीमेंट कर लोगों से लाखों रुपए की अग्रिम राशि ठगी थी।

आरोपी के खिलाफ जयपुर के आदर्श नगर, मालवीय नगर और बस्सी थानों में भी मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह जयपुर छोड़कर जोधपुर में छिपकर रह रहा था। आरोपी मूल रूप से गुर्जर की थड़ी, महेश नगर का निवासी है। उसके खिलाफ मालवीय नगर थाने में भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक तोताराम, कांस्टेबल राजेंद्र कुमार और रामराज की विशेष भूमिका रही। फिलहाल पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

वैशाली नगर में ओवरस्पीड कार की टक्कर से तीन वाहन क्षतिग्रस्त

जयपुर। वैशाली नगर क्षेत्र में शनिवार दोपहर ओवरस्पीड कार ने सड़क पर कहर बरपाते हुए तीन कारों को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार एक वाहन को करीब 15 फीट तक घसीटते हुए ले गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

पुलिस के अनुसार दुर्घटना दोपहर करीब 2:45 बजे वैशाली नगर थाने से कुछ दूरी पर हुई। तेज गति से आ रही कार ने सड़क किनारे खड़ी एक कार को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार को अपने साथ करीब 15 फीट तक घसीट लिया। इसके बाद अनियंत्रित वाहन ने दो अन्य कारों को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि कार के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

होटल के रूफटॉप पर चल रहे हुक्का बार पर छापा

एम.आई. रोड स्थित होटल लेजर इन ग्राण्ड चाणक्य की तीसरी मंजिल पर संचालित था ''क्लब नाइट जार रिलोडेड''

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए शहर के पॉश इलाके एमआई रोड पर शनिवार को होटल की छत पर चल रहे अवैध हुक्का बार का पर्दाफाश किया। सीएसटी की टीम ने जालूपुरा थाना पुलिस के साथ मिलकर होटल ग्राण्ड चाणक्य की रूफटॉप पर संचालित 'क्लब नाइट जार रिलोडेड' में दबिश दी और मौके से भारी मात्रा में हुक्का सामग्री जब्त की।

डीसीपी (क्राइम) संजीव नैन के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि होटल लेजर इन ग्राण्ड चाणक्य की तीसरी मंजिल पर अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। इस पर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन और विशेष पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में टीम गठित की और फिर टीम ने छापा मारकर नियमों की अवहेलना करते हुए हुक्का बार संचालित पाया। वहीं इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 17 हुक्के मय चिलम, 5 पाइप तथा विभिन्न फ्लेवर युक्त तंबाकू सामग्री बरामद की। वहीं हुक्का पीते हुए मिले 5 व्यक्तियों के खिलाफ कोटप्पा एक्ट के तहत चालान किए गए।

पुलिस ने बार मैनेजर ब्रिजेश निवासी चमोली (उत्तराखंड) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ जालूपुरा थाने में राजस्थान धूम्रपान प्रतिषेध अधिनियम 2000 और सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद (राजस्थान संशोधन) अधिनियम 2019 की धाराओं 4 व 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

मुहाना क्षेत्र के अपार्टमेंट में भीषण आग

जयपुर। मुहाना थाना क्षेत्र में स्थित एक अपार्टमेंट में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसकी लपटों ने पास के दो अन्य फ्लैट्स को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। थानाधिकारी गुरु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मुहाना मंडी के पास स्थित 'घर आंगन' अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर दोपहर करीब 2:15 बजे एक फ्लैट में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के दो फ्लैट्स में भी फैल गई। धुआं पूरे अपार्टमेंट में भर गया, जिससे लोगों का दम घुटने लगा और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुलिस और दमकल कर्मियों ने तत्परता से रेस्क्यू अभियान चलाते हुए दूसरी से छठी मंजिल तक फंसे लोगों को बाहर निकाला। करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। रेस्क्यू के दौरान हेड कांस्टेबल कान सिंह ने बहादुरी दिखाते हुए सीढ़ियों में बेहोश पड़े एक युवक को कंधे पर उठाकर बाहर निकाला और उसे तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया।

तंबाकू से दूर रहें युवा : उपराष्ट्रपति

जयपुर (कासं)। भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कैंसर के खिलाफ लडाई में जनजागरूकता को सबसे प्रभावी हथियार बताते हुए युवाओं से नशीले पदार्थों और तंबाकू से दूर रहने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कैंसर से जीतने के लिए मानसिक रूप से मजबूत रहना बेहद आवश्यक है और समाज के हर वर्ग को इस दिशा में जागरूक किया जाना चाहिए। कैंसर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि बदलती जीवनशैली और पर्यावरणीय कारणों से कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में समय रहते रोकथाम और जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को भी कैंसर से बचाव का महत्वपूर्ण आधार बताया। उपराष्ट्रपति ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कैंसर मरीजों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। गंभीर मरीजों के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी कैंसर रोकथाम और उपचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर को देश में तेजी से बढ़ती गंभीर समस्या बताते हुए वैक्सीनेशन और समय पर जांच जरूरी बताया।

15 समाजों के 47 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

नव दंपत्तियों को साधू-संतों ने दिया सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद

जयपुर। जानकी नवमी के अबूझ सावे पर सेवा भारती समिति, जयपुर का 15वां श्रीराम-जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन अंबावाडी स्थित उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। ब्राह्मण, कोली, नायक, राजपूत, वाल्मीकि, रैगर, माली, जाटव सहित 15 समाजों के 47 जोड़े परिणय सूत्र में बंधें। इनमें सात अंतरजातीय जोड़े भी शामिल थे।

सेवा भारती समिति की ओर से शनिवार को 15वां श्रीराम-जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया।

- नवदंपत्तियों को उपहार में दिया गृहस्थी का सामान

श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष विष्णु दत्त पुजारी के मार्गदर्शन में घर जैसे माहौल में सभी रीति रिवाज और लोकाचार से जुड़ी परंपराओं का निर्वहन किया गया। समिति संयोजक नवल बगडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल, डॉ.ओमप्रकाश भारती, कोषाध्यक्ष हरिकृष्ण गोयल, मंत्री हनुमान सिंह भाटी, सेवा भारती की प्रांत अध्यक्ष सुमन बंसल, सेवा भारती के रामबाबू अग्रवाल, संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद एवं एसपी शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रारंभ में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पीतांबरा पीठ के पं. सत्यनारायण शर्मा और पं. प्यारे मोहन शर्मा के आचार्यत्व में 61 पंडितों ने मंडप पूजन और थाम पूजन के बाद वैदिक विधि विधान से पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाया। हर वर-वधु के लिए अलग-अलग वेदी बनाई गई। विदाई समारोह के दौरान दुल्हनों के साथ माता-पिता की पलके भीग गई। इससे पूर्व ढहर के बालाजी स्थित सियारामदास बाबा की बगीची से गाजेबाजे के साथ बारात रवाना हुई। अलग-अलग घोड़ी पर सजे-धजे दूल्हे राजा के समक्ष बाराती नाचते हुए स्थल पहुंचे। यहां बारातियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बारात पहुंचने के बाद तोरण और वरमाला की रस्म हुई। लोगों ने वर-वधु पर पुष्प वर्षा की।

त्रिवेणी धाम के रामरिछपालदास महाराज, सालासर बालाजी धाम के विष्णु दत्त पुजारी, महंत हरिशंकर दास वेदांती महाराज, गायत्री परिवार के मनु महाराज, महंत चमन गिरी महाराज, महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज, अकिंचन महाराज, महामंडलेश्वर राम बालक दास महाराज, धन्ना पीठाधीश्वर बजरंग देवाचार्य महाराज सहित अन्य संतों-महंतों ने वर-वधु को सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख शिव लहरी, विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी नव दम्पति को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी नव दम्पति को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। आर्थिक अभावों से जूझ रहे जरुरतमंद परिवारों के युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह कराने के लिए अभिभावकों ने मुक्त कंठ से सेवा भारती के प्रयासों की सराहना की। लगभग 500 कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को निभाया। अब तक जयपुर सहित पूरे राजस्थान में 33 स्थानों पर 2691 जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा चुका है।

नवविवाहित जोड़ों को पायजेब, बिछिया, नाक का कांटा, कानों की बाली, मंगलसूत्र, डबल बेड, बिस्तर, चौकी, एक दर्जन से अधिक बर्तन, पंखा, सिलाई मशीन, प्रेस, घड़ी, दुल्हन का बेस, श्रृंगार का सामान, साडिय़ां, कूलर, आलमारी, धार्मिक साहित्य सहित अन्य उपहार प्रदान किए गए। विवाह प्रमाण पत्र मौके पर ही वितरित किए। सम्मेलन में नवदंपत्तियों समेत सभी लोगों को भोजन झूठा नहीं छोड़ने और भ्रूण हत्या नहीं करने जैसे संकल्प दिलाए गए।

मुख्यमंत्री ने की राज्यपाल से मुलाकात

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल बागडे और मुख्यमंत्री शर्मा ने इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया।

लिव-इन पार्टनर पर प्रेमिका ने किया चाकू से हमला

- इस हमले में युवक के पेट और सीने पर गंभीर चोटें आई, उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
- घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

जयपुर (कासं)। खोराबीसल थाना क्षेत्र में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक पर उसकी प्रेमिका द्वारा चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में युवक के पेट और सीने पर गंभीर चोटें आई हैं। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल के अनुसार खोराबीसल निवासी 40 वर्षीय युवक ने पर्चा बयान में बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है और करीब पांच वर्ष पूर्व उसकी एक युवती से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और वे आपसी सहमति से लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे।

पीडित के अनुसार 18 अप्रैल की रात वह अपने कमरे में सो रहा था। तभी उसकी प्रेमिका ने अचानक चाकू से उस पर हमला कर दिया। युवक के पेट और सीने पर कई वार किए गए। घायल अवस्था में उसने परिचित की मदद से निजी अस्पताल पहुंचकर उपचार लिया, जहां पुलिस को दिए बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया।

वहीं दूसरी ओर युवती ने भी खोराबीसल थाने में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि युवक शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता था और उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहा था। इसी से आक्रोशित होकर उसने हमला किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

लोकार्पण आज

जयपुर। माधव सिंह पालावत शोध प्रतिष्ठान, हरमाड़ा की ओर से रविवार को 4 पुस्तकों का लोकार्पण समारोह जवाहर कला केंद्र में प्रात: 11 बजे शुरू होगा। समारोह में माधव सिंह पालावत की पुस्तक 'आवड कथा अनन्त' तथा 'बरवडी अन्नपूर्णा एवं शीशोपहारी बारू', डॉ. शेफालिका पालावत की 'बारहठ ईसरदास : हरिरस एवं गुण निंदा स्तुति' और डॉ. सीमंतिनी पालावत की भारतीय भाषाओं का नारी रचित प्रथम महाकाव्य 'मेहाई करणी' का लोकार्पण होगा।

सार-समाचार

एडवोकेट डॉ. रंजनी बाला शर्मा सम्मानित

जयपुर। भगवान परशुराम पखवाड़े में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के विद्याधर नगर मुख्यालय की ओर से आयोजित समारोह में कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ एडवोकेट डॉ. रंजनी बाला शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भगवान परशुराम की हाथी-घोड़ों के लवाजमे से सजी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, बालमुकांदाचार्य और प्रशांत शर्मा ने शिरकत की। कार्यवाहक अध्यक्ष दीक्षांत शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रमुख महामंत्री,उपस्थित बंधुजन एवं मातृ शक्ति ने मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की।

तालकटोरा स्टेडियम में स्यात योग सम्मेलन

जयपुर। श्री योग अभ्यास आश्रम ट्रस्ट (स्यात) द्वारा और 'अलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव' की सहभागिता से तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित स्यात योग सम्मेलन उत्साह, ऊर्जा और आध्यात्मिकता के अद्भुत संगम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्वामी अमित देव के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 2500 से अधिक लोग उपस्थिति रहे, जिसने इस सम्मेलन को एक बड़े जनआंदोलन का रूप दिया। एमआरवी समूह के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में का मुख्य विषय अपनी ऊर्जा को संतुलित करें, अपने जीवन को रूपांतरित करें रहा, जिसने योग के व्यापक स्वरूप को सामने रखा। इस अवसर पर स्वामी अमित देव ने कहा, योग मतलब जोड़ना है, और यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैकृयोग, आयुर्वेद, वास्तु और ज्योतिष का संगम। उनके इस संदेश ने सम्मेलन की मूल भावना को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया।

सड़क, पानी-बिजली की समस्याएं सुनीं

जयपुर। जिला परिषद जयपुर की साधारण सभा की बैठक शनिवार को जिला प्रमुख रमादेवी चौपड़ा की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों की मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए। वित्तीय विषयों पर विचार करते हुए वर्ष 2026-27 के लिए पंचायत समितियों को आवंटित बजट एवं नवीन योजनाओं हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सदस्यों द्वारा पेयजल, सडकों एवं विद्युत से संबंधित विभिन्न जनसमस्याएं उठाई गईं, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को 15 दिवस की समयसीमा निर्धारित की गई। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला प्रमुख द्वारा सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

राज्य सरकार नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए सामाजिक संगठनों के साथ कदम मिलाकर चलने को तैयार : राजेश यादव

रिटायर्ड आईएएस डॉ. भाणावत ने कहा कि ''नई शिक्षा नीति में अनेक उच्च आदर्शों और महान प्रतिमानों को निरुपित किया है, लेकिन इनका अवतरण यथार्थ धरातल पर होने तक हम सब की बड़ी जिम्मेदारी बनी रहेगी''

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने कहा कि ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन के लिए अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां स्वैच्छिक संगठनों की सक्रिय भूमिका हो सकती है। सरकार इन क्षेत्रों में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। राजेश यादव ने यह बात शनिवार को ''संधान'' द्वारा राजस्थान प्रौढ़ शिक्षा समिति झालाना डूंगरी में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020-चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्वैच्छिक संगठनों और सिविल सोसायटी के आमन्त्रित लगभग 110 पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वैच्छिक संस्थाओं से आग्रह किया कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषाई उन्नयन और गणितीय कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण निभाएं।

इससे पहले कार्यक्रम का आगाज करते हुए संधान के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजेन्द्र भाणावत ने अतिथियों का स्वागत किया। भाणावत ने कहा कि राजस्थान में सक्रिय और सकारात्मक काम करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं और सिविल सोसायटी के शिक्षा में योगदान की लम्बी परम्परा रही है। आज हम राजस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में उन सभी पक्षों पर बात करने के लिए जुटे हैं, जो चुनौतियों के साथ साथ अवसर के रूप में हमारे सामने उपस्थित हैं। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा इस आयोजन में सहभागिता निर्वासित करने के लिए मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास और अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा राजेश यादव का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। भाणावत ने सांकेतिक रूप से कहा कि नई शिक्षा नीति में अनेक उच्च आदर्शों और महान प्रतिमानों को निरुपित किया है, लेकिन जब तब इनका अवतरण यथार्थ के धरातल पर नहीं होता, तब तक हम सब की बड़ी जिम्मेदारी बनी रहेगी। उन्होंने कहा सरकार को नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकार को अधिक बजट और अधिक स्वायत्तता देनी चाहिए।

पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अभिमन्यु सिंह ने कहा कि भारत में सबसे पहले 1910 में सार्वजनिक शिक्षा का आव्हान गोपाल कृष्ण गोखले ने किया और

''संधान'' द्वारा राजस्थान प्रौढ़ शिक्षा समिति झालाना डूंगरी में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020-चुनौतियां और अवसर'' विषय पर आयोजित कार्यशाला को अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश यादव ने संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. राजेन्द्र भाणावत व अभिमन्यु सिंह भी मौजूद थे।

- रिटायर्ड आईएएस अभिमन्यु सिंह ने कहा कि ''सरकार को हर हाल में शिक्षा पर बजट का न्यूनतम 10 प्रतिशत तो निर्धारित करना ही चाहिए।'' उन्होंने शिक्षा संस्थाओं के समानांतर कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के खड़े होने और उसको सरकार की सहमति स्वीकृति मिलने पर चिंता जताई।

विडम्बना देखिए हमें इसे समग्र और वैधानिक स्वरूप देने में पूरे 100 वर्ष लग गए तब, जाकर हमने शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया। उन्होंने महात्मा गांधी की 1937 की नई तालीम की मुहीम का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के आन्दोलन में भी शिक्षा एक प्रमुख बिन्दु बना रहा लेकिन हमने आजादी के 21 वर्षों बाद 1968 में जाकर शिक्षा को लेकर पहली बार व्यवस्थित और संस्थागत क़दम उठाए। जाहिर है हम लम्बे समय तक जो जैसा हमें विरासत में मिला उसी को चलाते रहे।

उन्होंने कहा यह अच्छा है कि नई शिक्षा नीति पर जागरूकता के लिए ऐसी पहल की गई है लेकिन यह अधिक उपयोगी तब होगी जब राजस्थान के हर गांव और शहर में इस पर मंथन हो और इसमें से मक्खन निकाला जाए।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद् और लेखक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति में काफी लचीलापन है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने, परिवर्तन करने और स्किल डवलपमेंट के अवसर दिए हैं। उन्होंने इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभाव, शिक्षकों और संसाधनों के लम्बे गैप की ओर इशारा करते हुए कहा कि भरपूर संसाधनों और वित्तीय अभावों के परिवेश में बड़ी से बड़ी आदर्शवादी और उम्मीदों भरी नीतियां भी भरभरा कर नष्ट हो जाती हैं। सरकार को हर हाल में शिक्षा पर बजट का न्यूनतम 10 प्रतिशत तो निर्धारित करना ही चाहिए। उन्होंने शिक्षा संस्थाओं के समानांतर कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के खड़े होने और उसको सरकार की सहमति स्वीकृति मिलने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा शिक्षा रोजगार मूलक होने से पहले अच्छा नागरिक बनाने पर फ़ोकस करे तभी राष्ट्र का उत्थान हो सकता है। बाद में तीन अन्य सत्रों में विभिन्न विषयों पर व्यापक विमर्श हुआ। कार्यशाला का व्यापक प्रतिवेदन राज्य सरकार को भेजा जाएगा।